नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 22.04.2021

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 22.04.2021 को ककरा में बने मेटेरियल रिकवरी फेसेलिटी (एम0आर0एफ0) सेंटर का किया गया निरीक्षण।**

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में आज दिनांक 22.04.2021 को नगर के केन्टेनमेन्ट जोनों के साथ–साथ नगर के अन्य क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सेनेटाइजेशन कार्य का किया गया निरीक्षण।

1. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 22.04.2021 को ककरा में मेटेरियल रिकवरी फेसेलिटी (एम0आर0एफ0) सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत सूखे कूड़े के निस्तारण की प्रक्रिया को देखा गया व इससे बने उत्पाद सिटी कम्पोस्ट एवं अन्य की निस्तारण प्रक्रिया को जाना गया, जिसमें मुख्य अभियन्ता (सिविल) दिनेश चन्द्र सचान द्वारा अवगत कराया कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर निगम द्वारा ककरा में तैयार मेटेरियल रिकवरी फेसेलिटी (एम0आर0एफ0) सेंटर के माध्यम से नगर के विभिन्न क्षेत्रों व कॉलोनियों से आने वाला कचरा अलग–अलग किया जा रहा है। साथ ही इस सेंटर के माध्यम से सी0एंड0डी वेस्ट (मकानों से निकलने वाला मलबा), प्लास्टिक,कागज,बोटल,कॉच,धातु आदि तरह–तरह का कचरा अलग–अलग किया जा रहा है एवं गीले कचरे से खाद बनाई जा रही है। अन्य कूड़े को एम0आर0एफ0 सेन्टर के माध्यम से अलग–अलग करके रियूज किया जा रहा है। निरीक्षण के समय मुख्य अभियंता सिविल श्री दिनेश चन्द्र सचान, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश दीक्षित,पवन कुमार तथा सुश्री साक्षी सरारी उपस्थित रहे।

2. कोविड –19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा कोविड–19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये जनमानस की सुविधा हेतु नगर में नियमित रुप से सफाई व्यवस्था, सेनेटाइजेशन, फागिंग एवं एंण्टीलारवा का छिड़काव किये जाने हेतु विशेष निर्देश दिये गये है। जिसके क्रम में आज दिनांक 22.04.2021 को नगर निगम क्षेत्र में बने कन्टेनमेंट जोनो में जोनवार सफाई कार्य एवं सेनेटाइजेशन कार्य के साथ–साथ फागिंग एवं एंण्टीलार्वा का छिड़काव का कार्य कराया गया।

नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देशानुसार आज दिनांक 22.04.2021 को नगर क्षेत्र के केन्टेनमेन्ट जोनों में जोनवार सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

| क्र0 सं0 | कन्टेनमेंट जोन में जोनवार सेनेटाइज करने का क्षेत्रवार विवरण |
|---|---|
| 1 | एमनजई जलालनगर, सिटी पार्क, सिविल लाइन, दिलाजाक, गदियाना, लाला तेली बजरिया, महंमद जलालनगर,आफीसर्स कालोनी,रामनगर,सदर बाजार,तारीन जलालनगर, टाउन हाल,लोधीपुर। |
| 2 | बहादुरपुरा, बाडूजई प्रथम,बीबीजई हददफ,बृज बिहार कालोनी, घण्टाघर, हुण्डालखेल, कटिया टोला, खिरनीबाग, सिजई,तारीन बहादुरगंज,केशवकुंज। |
| 3 | बाबूजई,बिजलीपुरा,गौहरपुरा,हयातपुरा,कच्चा कटरा,खलीलगर्वी, खलीलशर्की, मोहम्मदजई, वर्कजई। |
| 4 | मो0– छोटा चौक,मस्जिदगजं,जिला अस्पताल, गर्रा फाटक,कॉशीराम कॉलोनी, केरुगजं, बरेली मोड़, आवास विकास कॉलोनी, चौक, रगंमहला, अजीजगंज, चौकसी, बक्सरियॉ, भाटनटोला, भारद्वाजी, दिलावरगंज। |
| 5 | अहमदपुर रेती,रौजा,सरायकाईयॉ,ख्वाजा फिरोज,वजीरगंज। |

इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में नगर निगम द्वारा नगरीय क्षेत्र,शाहजहॉपुर के अन्तर्गत कोविड–19 के संक्रमण से जनमानस को सुरक्षित किये जाने के क्रम में आज दिनांक 22.04.2021 को नगर निगम अन्य क्षेत्र– बिजलीपुरा, अंटा, बृज बिहार कालोनी, चमकनी करबला में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेशन अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 5 हजार भवनो 450 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले में क्षेत्रों सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

इसी क्रम में कोरोना कोविड–19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 22.04.2021 को सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता के साथ में नगर क्षेत्र के बिजलीपुरा एवं अंटा में व्यापक स्तर पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा अपनी देख–रेख में सेनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त के साथ सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल सिंह,एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ नगर आयुक्त महोदय द्वारा महानगर वासियो से अपील की गई कि कोरोना कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु कोविड–19 की गाइडलाइन का पालन व एक–दूसरे से 02 गज दूरी एवं मास्क का उपयोग अवश्य करे। इसी क्रम में सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा नगर के बृजबिहार कालोनी एवं चमकनी करबला में कराये जा रहे सेनेटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा अपनी देख–रेख में सेनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।